<u>कार्यालय आयुक्त,पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली</u>

संख्या 315 जनसंपर्क शाखा, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली दिनांक 26-7-2015

सेवा में,

श्रीमान् संपादक,
दैनिक जागरण,
प्यारे लाल भवन, आई० टी० ओ०,
नई दिल्ली-110002

विषय:- **"आप की खबरें करती हैं लोगों का मनोरंजनः भीम सेन बस्सी"** शीर्षक के अंतर्गत छपी खबर के सन्धर्भ में स्पष्टीकरण ।

महोदय,

कृपया अपने समाचार पत्र में दिनांक 26 जुलाई 2015 को पृष्ट 6 पर उपरोक्त शीर्षक के अंतर्गत छपी खबर का अवलोकन करें, जिसको आयुक्त पुलिस श्री भीम सेन बस्सी से मुख्य सवांददाता राकेश कुमार सिंह के साक्षात्कार का अंश बताया गया है ।

इस मामले में यह स्पष्ट किया जाता है कि हाल में दैनिक जागरण के सवांददाता से कोई साक्षात्कार नहीं हुआ है और यह खबर, मात्र सवांददाता की कल्पना से छपी है ।

आपसे अनुरोध है कि सवांददाता को हिदायत करें कि वह बिना अधिकारी से बात किए खबर को ऐसे प्रकाशित न करें व इस स्पष्टीकरण को अपने समाचार पत्र में प्रमुख स्थान पर प्रकाशित करने का कष्ट करें ताकि पाठकों को सही जानकारी मिल सके ।

भवदिय,

(राजन भगत)
जनसंपर्क अधिकारी
दिल्ली पुलिस , दिल्ली